पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

**मुख्यमंत्री ने जनपद मैनपुरी में करहल एवं मैनपुरी विधान सभा क्षेत्रों की 682 करोड़ रु0 से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**

**मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान तथा गौरवशाली विरासत के लिए जाना जाता, प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने मयन और च्यवन ऋषि की पावन धरा के गौरव को नई पहचान दिलायी : मुख्यमंत्री**

**उ0प्र0 को विकसित प्रदेश बनाना है, तो मैनपुरी को विकसित बनाना होगा**

**वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत बिना भेदभाव मैनपुरी की 'तारकशी' को वैश्विक पहचान मिली**

**आज कोई भी सरकारी नौकरी निकलती है, तो उसमें मैनपुरी और इटावा का युवा भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करता**

**292 करोड़ रु0 की लागत से शिकोहाबाद–भोगांव 04–लेन राजमार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य लगभग पूरा**

**1,495 करोड़ रु0 की लागत से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1,77,000 से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराने की योजना निर्माणाधीन**

**प्रदेश विकास के पायदान पर तेजी से आगे बढ़ते हुए एक ऐसे राज्य के रूप में स्थापित हुआ, जिसपर कोई प्रश्न नहीं करता, बल्कि हर समस्या का समाधान उ0प्र0 में ढूंढ़ता**

**बिना भेदभाव प्रत्येक गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा**

**हमारा प्रदेश उपद्रवग्रस्त नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बना**

**लखनऊ : 26 जुलाई, 2026**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि जनपद मैनपुरी मयन ऋषि और च्यवन ऋषि एवं भारत की पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की पावन धरा है। यह धरा देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर में अपना योगदान देने वाले महाराजा तेज सिंह चौहान की पावन भूमि है। आज 682 करोड़ रुपये लागत की 111 विकास परियोजनाओं की सौगात मैनपुरी और करहल विधान सभा क्षेत्र के निवासियों को मिली है। यह योजनाएँ यहाँ के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों का परिणाम हैं।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद मैनपुरी में करहल एवं मैनपुरी विधान सभा क्षेत्रों की 682 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, टैबलेट, टूलकिट, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, आयुष्मान कार्ड, स्वीकृति पत्र, पोषण किट, बच्चों को निःशुल्क बैग व पाठ्य–पुस्तकें आदि प्रदान किये। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने आयोजित प्रदर्शनी का

अवलोकन, महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया। कार्यक्रम के दौरान जनपद मैनपुरी की विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान तथा गौरवशाली विरासत के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने आज मयन और च्यवन ऋषि की पावन धरा के गौरव को नई पहचान दिलायी है। आज मैनपुरी का नौजवान, किसान और व्यापारी प्रदेश के बाहर जाकर अपना परिचय देता है, तो सामने वाला व्यक्ति उसे सम्मान की दृष्टि से देखता है। एक समय ऐसा था, जब मैनपुरी का नाम सुनकर लोग घबराते थे। यहाँ के युवाओं को होटल में कमरे नहीं मिलते थे। ईमानदार और शरीफ लोगों को भी किराए के मकान देने में परहेज करते थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें यह विचार करने की आवश्यकता है कि वह कौन लोग थे, जिन्होंने प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, युवाओं की नौकरी एवं अन्नदाता किसान की खुशहाली छीनी तथा बहन–बेटी और व्यापारियों को असुरक्षित तथा कारीगरों को बेरोजगार कर दिया था। ऐसे लोगों ने मैनपुरी और इटावा सहित पूरे प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। सबसे बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर अस्तित्वहीन कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाला राज्य बीमार हो गया था। युवाओं के लिए नौकरी निकलती थी, लेकिन पारदर्शी व्यवस्था न होने के कारण योग्य युवाओं को नौकरी नहीं मिलती थी। आज कोई भी सरकारी नौकरी निकलती है, तो उसमें मैनपुरी और इटावा का युवा भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करता है। वह बड़ी शान से अपनी सेवाएँ देकर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान देता है। विगत 09 वर्षों में प्रदेश में 09 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गयी है।

प्रदेश में परम्परागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है, जिनके माध्यम से सवा तीन करोड़ लोगों स्वरोजगार से जोड़ा जा सका है। प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिससे नए–नए उद्यम स्थापित हुए और नौजवानों को नियुक्ति मिली।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू राज्य की श्रेणी से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं, बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर देश की टॉप–थ्री इकोनॉमी के रूप में स्थापित हुआ है। अब प्रदेश में पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकार विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत स्टेडियम, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, बाईपास, अच्छी सड़कों, रामलीला मैदान आदि के निर्माण लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करा रही है। नौजवानों के लिए नौकरी व अन्नदाता किसानों के लिए योजनाओं की कोई कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के अनुसार देश में केवल चार जातियाँ–गरीब, किसान, महिला एवं नौजवान हैं। यदि इन चारों के हितों के लिए कार्य किया जाए, तो भारत को विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना संचालित है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक महीनें 4,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है। मंच पर इस योजना की एक लाभार्थी को लैपटॉप भी दिया गया है, ताकि वह बेटी पढ़–लिख कर परिवार में स्वावलम्बन का आदर्श प्रस्तुत करे और उत्तर प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे। सरकार बिना भेदभाव प्रत्येक गरीब, वंचित और कमजोर वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। यही हमारे संस्कार हैं और उसके तहत डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने फसल ऋण माफी कार्यक्रम के अन्तर्गत 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों के 36,000 करोड़ रुपये का फसली ऋण माफ किया। इस योजना से प्रत्येक जाति का किसान लाभान्वित हुआ। राज्य सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत बिना भेदभाव मैनपुरी की 'तारकशी' को वैश्विक पहचान दिलायी। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ मिल रहा है। अन्नदाता किसानों के निजी ट्यूबवेल को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कार्य करने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। आज कारीगरों को सम्मान मिल रहा है। बेटी और व्यापारी सुरक्षित हैं। हमारा प्रदेश उपद्रवग्रस्त नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कर्फ्यू न दंगा है, यू0पी0 में सब चंगा है। यहाँ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन होता है। रामनवमी की शोभा यात्रा होती है। दुर्गा पूजा के पण्डाल लगते हैं। होली और दीपावली के आयोजन में लोग परिवार के साथ भागीदार बनते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नए इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ विकास की मुख्यधारा से जुड़कर नए उत्तर प्रदेश ने अपने धमाकेदार पारी प्रारम्भ की। आज उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। प्रदेश विकास के पायदान पर तेजी के साथ आगे बढ़ते हुए देश में एक ऐसे राज्य के रूप में स्थापित हुआ है, जिसपर अब कोई प्रश्न नहीं करता है, बल्कि देश की हर समस्या का समाधान उत्तर प्रदेश में ढूंढ़ता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा करने वाले तथा समाज को जाति और क्षेत्र के नाम पर बांटने वाले लोगों से सावधान रहना होगा। यह लोग आपके हितेषी नहीं, बल्कि समाज और देश के दुश्मन हैं। कभी ऐसे ही लोगों के कारनामों के कारण विदेशी हमले होते थे। अब फिर से उसी प्रकार की साजिशें प्रारम्भ हो गई हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल जोन बना रहे हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर श्रमजीवी हॉस्टल का निर्माण कर रहे हैं। बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाना है, तो मैनपुरी को विकसित बनाना होगा। मैनपुरी तब विकसित होगा, जब मैनपुरी और करहल सहित हर विधानसभा और हर विकास खण्ड विकसित बनें। हम इसी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रहे है। हर नौजवान के हाथ को काम, अन्नदाता किसान के खेत को पानी देने के कार्य किए जा रहे हैं। हम अन्नदाता किसानों को 10 घण्टे बिजली देंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान का रास्ता निकालेगी। किसी व्यक्ति का जीवन हो, परिवार या समाज या किसी जनपद की पहचान महत्वपूर्ण होती है। डबल इंजन सरकार ने आज आपको नई पहचान देने का कार्य किया है। अब कोई भी कांवड़ यात्रा को नहीं रोक सकता। सावन का महीना आने वाला है। आगामी 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है। इसके उपरान्त सावन का महीना लग जाएगा। कांवड़ यात्राएं शुरू हो जाएंगी। पहले की सरकार कांवड़ यात्रा नहीं निकलने देती थी। हमारी सरकार ने कांवड़ यात्रियों को सुविधाएं दीं। अनुशासित तरीके से शिवभक्त कावड़ यात्रा निकालते हैं और शिवालयों में जलाभिषेक कर प्रदेश के कल्याण की कामना करते हैं।

इसी प्रकार, जन्माष्टमी के आयोजन को अब कोई रोक नहीं सकता। लीलाधर भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा, उनकी लीला भूमि वृन्दावन, मैनपुरी, इटावा सहित प्रदेश के हर जनपद में जन्माष्टमी के आयोजन भव्यता के साथ हो रहे हैं। हर थाने, पुलिस लाइन्स और जेल में भी जन्माष्टमी के आयोजन होते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया है। सोच–सोच का फर्क है। पहले की सरकारें पर्व और त्यौहारों के आयोजन को रोकती थीं। विकास योजनाओं का पैसा अपने परिवार के विकास में लगा देती थीं। आज उत्तर प्रदेश इनसे उबर चुका है। नए और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए मैनपुरी को भी तैयार होना है। इस दृष्टि से आज उन्हें मैनपुरी में 682 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देने का अवसर प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है, उनमें फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस–वे परियोजना को आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे से जोड़ने की तैयारी है। इससे जनपद मैनपुरी से इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, एटा, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, हरदोई और बरेली जनपदों के लिए भी एक बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त हो जाएगी। 292 करोड़ रुपये की लागत से शिकोहाबाद–भोगांव 04–लेन राजमार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहां निचली गंग नहर प्रणाली पुनर्वास और आधुनिकीकरण, पेयजल की पुनर्गठन योजना का कार्य हुआ है। आश्रम पद्धति विद्यालय बेवर का भी निर्माण हुआ है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का काम पूरा हो चुका है। सैनिक स्कूल का काम पहले ही पूरा हो चुका है। राजकीय पॉलिटेक्निक किशनी का निर्माण भी पूरा हुआ है। जिला चिकित्सालय 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण हुआ है। 1,495 करोड़ रुपये की

लागत से जल जीवन मिशन के फेज–2 व फेज–3 के कार्यों के अन्तर्गत 1,77,000 से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराने की योजना वर्तमान में निर्माणाधीन है।

63 करोड़ रुपये की लागत से यहां प्रेक्षागृह, मल्टीपरपज हॉल और सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण भी चल रहा है। शीतला माता मन्दिर कॉरिडोर के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। आज दोनों विधानसभाओं के विकास की जिन परियोजनाओं की सौगात दी जा रही है, इनका बेहतरीन लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इनमें इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट सहित अन्य परियोजनाएं भी हैं। इनमें आलीपुर–खेड़ा काली नदी मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, फायर स्टेशन मैनपुरी और फायर स्टेशन करहल, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैनपुरी के परिसर में बैंक, ए0टी0एम0, पोस्ट ऑफिस, कैफेटेरिया इत्यादि सुविधाओं के लिए कॉम्प्लेक्स का निर्माण तथा पुलिस लाइन्स में ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज मैनपुरी शहर में दक्षिणी बाईपास के निर्माण, अमृत–2.0 में पुनर्गठन पेयजल योजना, जिसमें 20 हजार परिवारों को पेयजल उपलब्ध होगा, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय नगला जुला और धिरोर के निर्माण कार्यों का शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी में छात्रावास के निर्माण तथा नवसृजित तहसील कुरावली के आवासीय भवन के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी आज यहां सम्पन्न हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डबल इंजन सरकार विरासत, विकास, नौजवान, किसान, गरीब, आधी आबादी की सुरक्षा और उनके स्वावलम्बन तथा उनके हितों के संवर्धन के लिए पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। हमारी सरकार इनके उत्थान के लिए कार्य करने के लिए संकल्पित है। मैनपुरी विकास के पथ पर निरन्तर गतिमान रहेगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सनातन संस्कृति, धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और महान विभूतियों के सम्मान का अभियान चलाया है। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान सशक्त हुई है। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश की पहचान को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा दिलायी है। मैनपुरी में भी विकास के अनेक कार्य हुए हैं।

इस अवसर पर होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति, विधायक श्री रामनरेश अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

———————

***PN-CM-Mainpuri Visit-Karhal & Mainpuri-Lokarpan & Shilanyas-26 July, 2026***